दिन– सोमवार दिनांक– 21 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस पुलिस अवर निरीक्षक–दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपा। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय द्वारा पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर पुलिस अवर निरीक्षकों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा गया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

————————————————————————

आज पुलिस संस्मरण दिवस है। इक्कीस अक्टूबर उन्नीस सौ उनसठ में भारत–चीन सीमा पर लद्दाख में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवानों की शहादत की याद में यह दिवस मनाया जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह पुलिसकर्मियों और उनके परिवार द्वारा राष्ट्र को सुरक्षित करने के लिए किये गए असीम बलिदानों के सम्मान का अवसर है। इधर, पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं, विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों ने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान वीरगति को प्राप्त पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने दावा किया है कि उप चुनाव में सभी चार सीटों पर एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी। श्री चौधरी ने समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के विकास के काम से प्रदेश की जनता संतुष्ट है।

————————————————————————

जम्मू कश्मीर के गांदरबल के गगनगिर इलाके में रविवार की शाम हुई आतंकी घटना में राज्य के तीन मजदूरों की मौत हो गयी। इनमें से दो मधेपुरा जिले के रहने वाले थे। मृत्यु की सूचना मिलने पर शंकरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर लाही और भर्राही थाना क्षेत्र के चौरा गांव में मातम पसर गया है। इधर, जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने इस आतंकी घटना की जांच शुरू कर दी है। एनआईए की टीम आज गांदरबल के गगनगिर पहुंचकर मौके से साक्ष्य इक्ठा करने का कार्य कर रही है।

———————————————————————

राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित राजकीय समारोह में श्री कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर, कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्री कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

———————————————————————

त्रिवेन्द्रम में आयोजित राष्ट्रीय महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट मुकाबले में बिहार ने राजस्थान को पांच रन से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता में बिहार की यह लगातार दूसरी जीत है। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में छह विकेट के नुकसान पर छियानवे रन बनाए। जवाब में राजस्थान की पूरी टीम इक्यानवे रन पर ऑल आउट हो गयी। बिहार का अगला मुकाबला बाईस अक्टूबर को होगा।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में आज से पर्यटन सत्र की औपचारिक शुरूआत कर दी गयी। मंगुराहा पयर्टन केंद्र में वीटीआर के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि ने हरि झंडी दिखाकर जंगल सफारी का शुभारंभ किया। वीटीआर में पयर्टकों की सुविधा के लिए कई इंट्री प्वाइंट बनाए गये हैं। वन विभाग ने वीटीआर में पयर्टन के अनुभव को और शानदार बनाने के लिए नेचर गाईडों को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है।

———————————————————————

विश्व आयोडीन अल्पता दिवस या वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार बचाव दिवस के अवसर पर आज देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आयोडीन की आवश्यकता और आयोडीन की कमी से होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।